## एक नजर में

### विजयवर्गीय के जन्मदिन पर गो पूजन करेंगे कार्यकर्ता

**देवास।** पूर्व राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवगीर्य के जन्मदिन 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के उपलक्ष में मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल व्दारा धूमधाम से जन्मदिन मनाएगा। जन्मदिन के उपलक्ष में श्री श्याम गौशाला बोरानी जिला देवास में गो पूजन किया जाएगा एवं सभी गौ माता को हरा चारा खिलाया जाएगा एवं इन्दोर इकाई के व्दारा पंछियों के लिए जल पात्र सकोरे निशुल्क वितरण करेंगे । फाउंडेशन के पवन नागर बरोठा उमंग नेमा शिवानी योगेश पांचाल इंदौर नरेंद्र सिसोदिया बोरानी ने बताया कि मंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में श्री श्याम गौशाला में गौ माता का पूजन कर हरा चारा खिलाया जाएगा एवं हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील सुरेंद्र सोलंकी नाथू सिंह सेंधव, बहादुर सिंह नेताजी, सरदार सिंह मेंडा, शैलेश बाजपेई, राजेश तंवर, कमल शर्मा, रघुनाथ नायक, आनंद जोनवाल, हरिश तिवारी, रामचंद्र जाटव, जगदीश यादव, राम किशोर यादव, हीरालाल गहलोत, अशोक यादव, शोभा जोशी, शीला गुप्ता, सरिता हिंदू, लखन उईके, घनश्याम पटेल, अशोक पंचोली, खोखरिया कला, राकेश जैन, बाबू सिंह शेखावत, गगन यादव, अंकित यादव, सुरेश जयसवाल, नीलू अहिरवार, रामस्वरूप गहलोत, नरेंद्र वर्मा, राकेश परमार, सुधीर सोमानी, संतोष जाट, दीपक सोनेर, मंगलेश बैरागी आदि अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन कार्यकर्ताओं ने की है।

### ज्ञान का सूरज और सारे जगत की आत्मा है शिव



**देवास।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कालानी बाग सेंटर की मुख्य जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी के सानिध्य मे विकास नगर में परमात्मा शिव ध्वजा रोहण कर पूजा अर्चना की गई। प्रेमलता दीदी ने अपनी अमृतवाणी में कहा कि ज्ञान का सूरज है परमात्मा शिव। सारे जगत की आत्मा है। ? नम: शिवाय मंत्र का दिव्य रहस्य है। यह मंत्र भगवान शिव को समर्पित है। जो हमें शांति शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। हर सुबह प्रतिदिन इस मंत्र का जाप करें और अपने जीवन में बदलाव महसूस करें। इस मंत्र का अर्थ है मैं भगवान शिव को नमन करता हूं। इस मंत्र का नियमित जाप करने से मन को शांति जीवन में स्थिरता और समृद्धि आती है। भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए ओम नम: शिवाय का जाप करें। परमात्मा शिव हमें नजर नहीं आते लेकिन वह हमारे आसपास ही है। परमात्मा शिव जीवन के दाता और सांसों के स्वामी है। अपनी जीवन रूपी नैया की पतवार अर्पण कर दो बाबा को। बाबा पत्थर को भी हीरा बना देते है। सांसारियों से बनाया गया रिश्ता ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। लेकिन भगवान से बनाया गया रिश्ता जन्म-जन्मांतर तक चलता है। क्योंकि भगवान ही ऐसे हैं जो तब साथ देते हैं जब सारी दुनिया हमारा साथ छोड़ देती है। कोई आपका साथ नहीं दे तो निराश मत होना। क्योंकि परमात्मा से बड़ा कोई हमसफ़र नहीं होता। दीदी ने आगे कहा कि भीतर क्षमा हो तो क्षमा निकलेगी, भीतर ईर्ष्या, द्वेष अहंकार रूपी गंदगी भरी हो। तो गंदगी ही निकलेगी। इसलिए जब भी कुछ बाहर निकले तो दूसरे को दोषी मत ठहरना। यह हमारी ही संपदा है यह हमारे ही कर्मों का फल है। दीदी की उपस्थिति में सभी भाई बहनों ने व्यसन मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। इस दौरान नन्ही बालिका पंखुड़ी व सृष्टि ने भक्ति गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, अपुलश्री दीदी, लता पाटिल बहन, मीना बहन, विवेक भाई, रत्नप्रभा बहन, सफला बहन, इंदिरा दीदी, ज्ञानेंद्र पाटिल भाई, प्रशांत भाई, प्रदीप भाई आदि उपस्थित थे।

### मातृशक्ति को आत्मरक्षा हेतु बांटे 500 दण्ड




**देवास।** संस्था जागो हिन्दू के तत्वावधान में भगवा संकल्प लिए देवास शहर में भगवा चल समारोह निकाला गया। उक्त यात्रा में शहर के समस्त भगवा प्रेमी एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहें। यात्रा संयोजक रजत रघुवंशी ने बताया कि आज देश में एकत्रीकरण की आवश्यकता है। हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे एवं संस्था द्वारा युवाओं एवं मात्र शक्ति को आत्म रक्षा के लिए 500 दंड वितरण किया। साथ ही आतंकवाद का पुतला दहन किया। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र हनुमान जी की प्रतिमा एवं मातृशक्ति का अखाड़ा व युवाओं का अखाड़ा रहा। मुख्य वक्ता ने कहा मोदी आप देश के पिता हो। आप का बेटा मरा है। आपकी बेटी विधवा हुई है। इसका बदला चाहिए। किन्नर समाज आज धर्म देश बहन बेटी रक्षा के लिए समाज के साथ मंच पर है। वहीं यात्रा आयोजक निखिल कहार ने बताया कि देश को आज एक फिर से युवाओं की आवश्यकता है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि देश को आज फिर से युवा सम्भाले। यात्रा की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने की। भारत माता के जयकारों का उदघोष किया। मंच पर उपस्थित कथा वाचक अर्चना शर्मा दीदी ने इस्लामिक टेरर एवं देश की गंभीर चुनौतीयो पर चर्चा की एवं कथावाचक मोहित राम पाठक सीहोर वाले ने आतंकवाद, लव जिहाद एवं लेण्ड जिहाद के विषय पर बोले। पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष जगदीश चौधरी ने देश की बाहरी एवं भीतरी समस्याओं पर चर्चा की। मंच पर (किन्नर समाज से रवीना भुआ) पूर्व उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, प्रमोद डोगलिया, वेदांत दास महराज, मुनि जी महाराज, प्रेमलता परमार दीदी जिलामंत्री हिंदू जागरण अतुल शुक्ला, जिला गोरक्षा प्रमुख रमेश कौशल, राहुल रामराज, देवेंद्र व्यास, नरेंद्र शर्मा, हिंदू जागरण मंच दुलीचंद राणा, संस्था तत्व राजू हिंदू, संजय शर्मा, संजय दुबे, दीपक लखा, चीकू बॉम्बे, विष्णु, मोहिल, पीयूष प्रजापति, राहुल तेजी, गोकुल ठाकुर, हेमंत, शुभम बिट्टू, प्रतीक, यशु, रोहित, ऋतिक, अजय, करण, विशाल, अजय सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित थे।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहित श्रीवास्तव के निर्देशन में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवास में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में प्रथम अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री आदेश कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, वाहन का बीमा करवाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने डिजिटल समय में मोबाइल का सही उपयोग करने के बारे में जानकारी दी। साथ ही भारत के लोकपाल के अधिदेश और कार्यप्रणाली के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यालय भारत के लोकपाल द्वारा हिंदी भाषा में एक लघु फिल्म तैयार की गई है जिसे प्रोजेक्टर के माध्यम से उक्त शिविर में उपस्थित छात्र- छात्राओं को प्रदर्शित की गई।

# पार्षद परिवार सहित कई लोगों ने चमन बाजार में किया अतिक्रमण

**सीएमओ बोलें - आठ दिन बाद अतिक्रमण हटाएंगे**



**सोनकच्छ।** नगर इन दिनों अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। कई बार आमजन ने मुद्दा अधिकारियों के समक्ष रखा था। जिसके बाद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़कें छोटी हो गयी है। जिसके कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। निर्माणाधीन नप कार्यालय भवन के बाहर अवैध रूप से गुमटियां रख दी है, जिस ओर परिषद का ध्यान नही जा रहा है। पांच सालों में जो गुमटियां कच्ची थी वे अब पक्की होकर अपना कब्जा जमाने का कार्य कर रही है। इतना ही नही नप के पुराने झंडाचौक में भी बैंड, गेराज आदि ने दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। जहां सब्जी मार्किट के लिए बने पक्के बने ओटले भी क्षतिग्रस्त हो गए है। चमन बाजार में सब्जी, अटाले, मोबाइल आदि दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है। यहां पर महिल पार्षद के परिवार वालों ने भी अतिक्रमण कर रखा है। लेकिन प्रशासनिक व नप अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जब नप ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो एसडीएम को सर्व सनातन हिंदु समाज द्वारा लिखित व मौखिक शिकायत विगत दिनों की थी। इस पर एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने सीएमओ विष्णु प्रसाद देवड़ा को अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए लेकिन सीएमओ ने अब तक अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई शुरु नहीं की।

**इनका कहना है**

एसडीएम को कुछ दिनों पूर्व चमन बाजार में व्याप्त अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी। उनके यहां से आवेदन हमारे कार्यालय को प्राप्त हो गया है। अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद आठ दिवस में अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरु की जाएगी।

**विष्णु प्रसाद देवड़ा**
**सीएमओ सोनकच्छ**

## गर्मी के मौसम के दृष्टिगत अब आंगनवाड़ी प्रात 8 .00 से दोपहर 12 बजे तक होगी संचालित




**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने वर्तमान समय में गर्मी एवं मौसम के तापमान में हुई वृद्धि के कारण आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन समय में परिवर्तित किया है। अब आंगनवाड़ी प्रात 8.00 बजे से संचालित होगी। यह आदेश 30 जून तक प्रभावशील रहेगा। आंगनवाड़ी केद्रों के संचालन के दौरान विभिन्न गतिविधियों का संचालन होगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने आदेश दिए हैं कि प्रात 8.00 बजे से दोपहर 12 बजे तक आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए रहेगा। इसके पश्चात दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रिकॉर्ड का संधारण करेंगी।

# आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**एक प्रकरण धारा 34(2) के तहत दर्ज**

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजकुमारी मंडलोई के नेतृत्व में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें 29.4.2025 को आबकारी की सयुंक्त टीम ने देवास शहर में सुतार बाखल से विदेशी मदिरा व्हिस्की की 16 पेटियां ज़ब्त कर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत 01 प्रकरण दर्ज किया गया है, जप्त मदिरा का मूल्य लगभग 131105 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव , डी पी सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार आबकारी आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, नितिन सोनी, दीपक टटवाडे ,निहाल ,गुरु दत्त वर्मा खत्री सैनिक किशोर सिसोदिया केदार चौधरी संजय शर्मा सम्मिलित रहे।

# पीड़ित बालिका को न्याय दिलाने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**देवास।** जिले के नोसारबाद में बागरी समाज की एक पीड़ित पालिका को न्याय दिलाने के लिए बागरी समाज एवं सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। जन आक्रोश रैली के रूप में एकत्र हुए लोगों ने आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की माँग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज की ओर से प्रमुख माँग की गई कि घटना के सभी आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। इसके साथ ही आरोपियों के मकानों को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त किया जाए।

पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। प्रदर्शन के दौरान आरोपियों को फांसी दो, मकान तोड़ो न्याय दो जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए, जिससे जनभावनाओं की गंभीरता स्पष्ट परिलक्षित हुई।

यह प्रदर्शन बागरी समाज एवं विभिन्न समाजिक संगठनों के सहयोग से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न हुआ। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से कहा कि यदि आरोपी पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस अवसर पर सुनील यादव ,संजू रेकवाल, कमल यादव, जितेन्द्र पवार ,कमल चोहान, अरुण धोलिया, शुभम यादव, संजू बोडाना, मुकेश सोलंकी, अजय डाबी, यशवंत चौहान, अनुप हाटपिपलीया, राहुल तवंर आदि समाज जन उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 12 घंटे में बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया



**देवास।** थाना भोरासा के ग्राम नोसराबादी ने रहने वाली एक युवती को 27.अप्रैल की दरमियानी रात को आरोपी शोकत मंसूरी पिता मेहरबान मंसूरी उम्र 42 साल निवासी ग्राम मानकुंड द्वारा पीड़ता का अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर बलात्कार करने की रिपोर्ट पर थाना भौरांसा पर अपराध क्रमांक 158/2025 धारा 140(3),64,115(2) बीएनएस 3(2)व्ही,3(1)डब्लू( ।।)एससी एसटी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी भौरांसा प्रीति कटारे, थाना प्रभारी सोनकच्छ दीपक यादव, थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य, मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये गये । तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिरी सूचना पर से 12 घण्टे के अन्दर आरोपी शोकत मंसूरी पिता मेहरबान मंसूरी उम्र 42 साल निवासी ग्राम मानकुंड को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

थाना प्रभारी भौरांसा प्रीति कटारे, थाना प्रभारी सोनकच्छ दीपक यादव, थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस अमित सोलंकी, चौकी प्रभारी नेवरी उनि हर्ष चौधरी की सराहनीय भूमिका रही ।

## क्षिप्रा शुद्धिकरण अभियान अंतर्गत किया श्रमदान

**देवास।** देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए वृहद स्तर पर चलाये जा रहे दो माह के विशेष अभियान अंतर्गत ग्राम हिरली में एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के अधिकारी-कर्मचारियों, सरपंच, सचिव और ग्रामीणों ने लगातार तीसरे दिन क्षिप्रा नदी के किनारों पर सफाई कार्य कर श्रम दान किया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षिप्रा शुद्धिकरण अभियान 21 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए विभिन्न विभागों का जिम्मेदारी भी दी गई है। जिले के अलग-अगल ग्रामों में प्रतिदिन शासकीय विभागों अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सहभागिता कर श्रमदान किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी, तालाब, बावडी, कुएं सहित सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। 06 जूलाई तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले में कुएं की सफाई, बावडियों की सफाई, तालाब गहरीकरण, नाला गहरीकरण, खेत तालाब, का निर्माण भी किया जा रहा है।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं खेत पर कब्जा करने पर दिया जिलाधीश को आवेदन

**देवास।** ग्राम चंदाना निवासी संगीता राजेन्द्र गोयल ने जिलाधीश को आवेदन देकर बताया कि हमारा खेत प.ह.नं. 34 ग्राम चंदाना के सर्वे नं. 213 की निजी भूमि पर है । उसके पूर्व दिशा में शासकीय कच्चा रास्ता व भूमि सर्वे नं 214 की है। सर्वे नं 213 में से सर्वे 213/1/1 में 23 आरे व सर्वे नं 214/1/3 में 2.5 आरे हमारी है। आने जाने के लिए पूर्व दिशा के शासकीय कच्चे रास्ते का उपयोग सभी करते हैं। कुछ समय पूर्व सर्वे नं 213/1/2 68 आरे भूमि सुनील लाड सिंह ठाकुर व रविन्द्र परमार लाडसिंह ठाकुर द्वारा खरीदी गई। खरीदने के बाद उनके द्वारा तार फेंसिंग व कच्चा पक्का निर्माण कर शसकीय रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है और हमें रास्ते से आने जाने नहीं देते है व वहां से निकलने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। जिलाधीश से मांग की है कि उक्त शासकीय रास्ते को मुक्त कराये।

## बाल विवाह करना अपराध की श्रेणी में आता है, रोकथाम के लिए टीम तैयार : कलेक्टर

**बागली ।** देवास जिला कलेक्टर ऋतुराज के नेतृत्व में पूरे देवास जिले में हिंदू पर्व की प्रमुख तिथि आखा तीज पर्व पर संपन्न हो रहे शादी विवाह समारोह एवं सार्वजनिक सम्मेलनों में बाल विवाह ना हो पाए इसके लिए महिला बाल विकास टीम को निर्देशित करते हुए इस पर ध्यान रखने के सत्य निर्देश दिए हैं ।उसी परिपालन में अलग-अलग टीम का गठन किया है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रो में शादी विवाह का आयोजन बड़ी संख्या में संपन्न होगा जिसे देखते हुए देवास जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह बागली अनुविभागीय अधिकारी आनंद मालवीय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेलम बघेल के मार्गदर्शन में उदय नगर अनुविभाग में बाल विवाह रोकने हेतु विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जाएगा ।

इस कु रीती की रोकथाम के लिए तिथि के एक दिन पहले मंगलवार को तहसील कार्यालय उदय नगर में महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं तहसीलदार गौरव निरंकारी के निर्देश में महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर उषा पांडे, श्यामा भार्गव सरिता साहू ने क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ,तथा रसोई बनाने वाले समूह प्रिंटिंग प्रेस वालों को विशेष रूप से निर्देशित किया, बाल विवाह करने पर और जानकारी होने के बावजूद नहीं बताने पर पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत संबंधित व्यक्ति को 2 वर्ष तक के कठोर कारावास या 1लाख रु तक का जुर्माना दोनों ही हो सकते हैं ।यह अधिनियम के तहत यह अपराध संज्ञानात्मक एवं गैर जमानती होंगे किसी भी परिस्थिति में किसी भी ग्राम में कोई बाल विवाह ना हो इस हेतु आप सजग रहे और सूचना मिलने पर तत्काल वरिष्ठ कार्यालय का अवगत कराया जावे जिससे समुचित कार्रवाई संपन्न की जा सके इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी। जिन्हें बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई।

# सर्व ब्राह्मण समाज आज मनाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**4 मई को निकाली जाएगी परशुराम शौर्य यात्रा**

**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पण्डित दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में 30 अप्रेल बुधवार को अक्षय तृतीया पर प्रात: 8.30 बजे सभी के आराध्य राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। गंगानगर स्थित परशुराम वाटिका में नगर के वरिष्ठ आचार्यों के आचार्यत्व में भगवान परशुराम जी की विशालकाय प्रतिमा का अभिषेक कर हवन पूजन एवं आरती कर मनाया जाएगा। जिसमे ब्राह्मण समाज के सभी लोग उपस्थित रहकर भगवान परशुराम की आराधना करेंगे। समापन के पश्चात स्वल्पाहार का आयोजन रहेगा। महासंघ के समस्त पदाधिकारी ओर वरिष्ठजनों ने सम्पूर्ण सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज से आयोजन में उपस्थित होने का आव्हान किया है। अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास द्वारा निकाली जाने वाली परम्परागत शौर्य यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ विभिन्न झांकियों ओर भजनों की प्रस्तुतियों से सुसज्जित होकर 4 मई रविवार को सायं 5.30 बजे सयाजी द्वार देवास से एमजी रोड, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, घंटाघर, गांजा भांग चौराहा, जनता बैंक चौराहा होते हुए लक्ष्मी नारायण अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी।

# सेन समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान



**सोनकच्छ ।** नगर में सेन जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें समाज के समाज बंधुओं द्वारा सेन जी महाराज की पूजा अर्चना व सामुहिक आरती की गई इसके पश्चात सेन समाज की नवीन कार्य कारिणी का गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी का गठन सेन समाज के अध्यक्ष कैलाश परमार अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। जिसके अंतर्गत समाज के बंधुओं द्वारा सर्व सम्मति से सेन समाज अध्यक्ष हेतु ललित नागोरिया का समर्थन हर्ष उल्लास के साथ किया गया। परमार द्वारा नवीन अध्यक्ष ललित नागोरिया का व नवीन कार्य कारिणी के सदस्यो का साफा व हार फुल पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेन समाज की शिक्षा समिति द्वारा प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए। समिति के सचिव द्वारा वर्ष 2024-25 के आय- व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अंत मे पहलगाम कश्मीर की घटना पर समाज बंधुओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। संचालन मुरलीधर झाला ने किया।

**एक नजर** — **मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम में सत्संग समारोह संपन्न**

# स्वांसों की माला से प्रभु का निरंतर सुमिरण कर सकते हैं : संत प्रभावती देवी

**देवास।** अगर आधी से भी आधी घड़ी और उससे भी आधी, इतना समय किसी सच्चे साधु का संग मिल जाए, सच्चे संत का सामीप्य मिल जाए तो कहते हैं कि व्यक्ति कई अपराधों से मुक्त हो जाता है, निरअपराध बन जाता है। इसलिए हमारे यहां साधु-संगत को बड़ा महत्व दिया गया और भगवान राम नवधा भक्ति में सबसे पहले यही कहते हैं की ष्प्रथम भक्ति संतन्ह कर संगा..ष् जो मेरी पहली भक्ति है कि आप संतों का संग करें, ताकि उनका प्रभाव आप पर भी पड़े। बड़ी सुंदर एक कहावत है कि अगर हम किसी इत्र वाले के पास जाएं और हम कोई इत्र न खरीदें,फिर भी उसकी दुकान में जो इत्र की खुशबू है वो हमको प्राप्त होती है और और उसकी खुशबू से हम प्रभावित होते हैं। तो यही हमारे संतो ने कहा है कि जब सच्चे संतों के पास जाओगे, तो उनका जो प्रभाव है, उनका जो प्रभा मंडल है, वह आपको मुक्त करेगा, आपको लाभ करेगा, ये हमारे संतो ने कहा। उक्त सत्संग विचार बालाजी नगर स्थित मानव उत्थान समिति आश्रम में सतपाल महाराज की शिष्या प्रभावती देवी ने व्यक्त किए। उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को आत्मज्ञान के रहस्य को समझाते हुए उन्होंने आगे कहा भगवान कहते हैं स्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युद्ध च हे अर्जुन ! सब काल में तू मेरा निरंतर सुमिरण कर। अब बहुत-से लोग कहेंगे कि सब काल में हम निरंतर सुमिरण कैसे कर सकते हैं ? अगर यह संभव नहीं होता तो भगवान नहीं कहते, तो निरंतर चं कैसे होता है, आंखों से नहीं होता, कानों से नहीं होता, बोलने से नहीं होता, एक चीज निरंतर हमारे अंदर हो रही है ये है स्वांसों की माला, प्राण माला। हमारे अंदर निरंतर चल रही है। इसी के माध्यम से हम निरंतर सुमिरण कर सकते हैं। इसके रहस्य को समझने के लिए समय के तत्वदर्शी संतो के पास जाकर जानना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित संत शारदा देवी ने कहा युद्ध मानव के मन से शुरू होता है, इसी प्रकार इसकी समाप्ति भी मानव के मन से ही होगी। धर्म के नाम पर अधर्म की बाढ़ विनाशकारी हो रही है। क्योंकि इस महामारी की जड़ मानव का ही अनियंत्रित मन है, जिसे प्रभु के अखंड नाम की शक्ति ही काबू कर सकती है। हमारे महापुरूषों ने ईश्वर की सार्वभौम सत्ता के अविनाशी नाम व परम प्रकाश को जानकर उसका प्रचार किया ताकि राग-द्वेष के कीचड़ से निकलकर जन समाज आपसी सहयोग व प्रेम से एक-दूसरे की उन्नति करते हुए ईश्वरीय धागे में बंधकर रह सकें। इस मौके पर समिति के जिला सचिव गोपाल कढ़वाल, जंजालकर आदि उपस्थित थे।